णमोकार मंत्र है प्यारा | By Prkash Chauhan

णमोकार मंत्र प्यारा महिमा है न्यारी
मंत्र जपलो जी, ध्यान कर लो जी
मिट जाएगा विपदा ये तुम्हारी

इसी मंत्र से पाएं हैं, मोक्ष नाग नागिनी
पार्श्वनाथ ने दिखलाई महिमा सुहावनी
जिन मुनियो ने ये ही मंत्र उच्चारा
मंत्र जपलो जी, ध्यान कर लो जी
मिट जाएगा विपदा ये तुम्हारी

मंत्र का जो पाठ करेंगे सिद्धि वो ही पायेगा
मरने के बाद भी वो देवता कहायेगा
नवकार मंत्र की है, महिमा अपार
मंत्र जपलो जी, ध्यान कर लो जी
मिट जाएगा विपदा ये तुम्हारी

णमोकार पढ़ने वाला जिनवर है ज्ञानी
सबको ही मोक्ष दिलावे मुनियों की वाणी
जिन धर्म दुनिया में सबसे निराला
मंत्र जपलो जी, ध्यान कर लो जी
मिट जाएगा विपदा ये तुम्हारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a3%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a4%82%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-prkash-chauhan/